## Regarding Ayushman Bharat Yojana

श्री तनुज पुनिया **(**बाराबंकी**) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ ।

मैं आपके माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, जो सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, की कमियों की ओर माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा ।

मैं इससे संबंधित समस्याओं के समाधान के बारे में भी कुछ सुझाव देना चाहता हूँ । हमारे क्षेत्र में पिछले दो-तीन महीने से नये आयुष्मान भारत कार्ड नहीं बन रहे हैं । उसके पहले लगभग एक साल तक, छ: यूनिट से ज्यादा जिनके राशन कार्ड में नाम थे, केवल उन्हीं के कार्ड बन रहे थे । मेरा कहना है कि कम यूनिट वालों के भी कार्ड बनने चाहिए । इसके लिए दोबारा पोर्टल को खोलना चाहिए ।

लोग जब आयुष्मान भारत कार्ड लेकर अस्पताल जाते हैं, तो अस्पताल वाले कहते हैं कि इसमें केवाईसी नहीं है, इसके कारण से यह ब्लॉक हो गया है । इसको ठीक कराने में कई घंटे निकल जाते हैं। मैं समझता हूँ कि अगर कार्ड में कोई दिक्कत आती है, तो उसके बारे में मोबाइल पर मैसेज जाए या अन्य माध्यमों से लाभार्थियों तक मैसेज पहुंचाए जाएं कि आपके कार्ड में यह दिक्कत है और आप इसको यहाँ जाकर ठीक करा सकते हैं । यह मेरा सुझाव है ।